हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 7 मई 2025

11 पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना: गरीबों की छत...


12 महेंद्रगढ़ से वाया बवानिया रूट पर चलाई बस


## खबर संक्षेप


नारनौल। बैठक करते समिति सदस्य।

### गीता सत्संग को लेकर बैठक आयोजित

**नारनौल।** गुरुदेव गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के सानिध्य में आठ मई को होने वाले एक दिवसीय गीता सत्संग की तैयारियों को लेकर आहूजा क्लीनिक रेवाड़ी रोड पर श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार की बैठक का आयोजन किया गया। संस्था के संरक्षक डा. अशोक कुमार आहूजा ने बताया कि गीता सत्संग का समय सायं सात बजे से नौ बजे तक होटल पैराडाइज रेवाड़ी रोड पर रहेगा। इस मौके पर संस्था के प्रधान डा. सुरेंद्र यादव, मास्टर शिवहरी, चेतन जिंदल, गोपाल नंबरदार, जोगिंद्र अग्रवाल, प्रवीण, प्रेम आजाद, वासुदेव खुराना, दीपक सर्राफ, साहिल मित्तल, मास्टर सुरेश, महेश सोनी, जितेंद्र, सोमदेव आदि मौजूद थे।

### मंडी अटेली: चंदपुरा में श्रद्धांजलि सभा आज

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव चंदपुरा के सीआरपीएफ के शहीद नरेश कुमार के 28वें शहादत दिवस पर सात मई को सुबह 11 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंदपुरा के प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। शहीद के पुत्र सीआरपीएफ में कार्यरत सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि उनके पिताजी सात मई 1997 को त्रिपुरा में एक उग्रवादी हमले में वीर गति को प्राप्त हो गए थे।

### अवैध देसी शराब की 117 बोतल बरामद

**नारनौल।** थाना सदर पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर अवैध शराब बरामद की है। पुलिस टीम ने मामले में धर्मवीर वासी मंडलाना को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 117 बोतल अवैध देसी शराब बरामद की। टीम ने अवैध शराब को जब्त कर आरोपित पर केज दर्ज किया है।

### बिजली बिलिंग से संबंधित सुनवाई आज

**महेंद्रगढ़।** बिजली निगम कार्यालय में बुधवार को कार्यकारी अभियंता आफिस में 50 हजार रुपये तक के बिलिंग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। यह सुनवाई चेयरमैन कम डिविजनल फोरम कार्यकारी अभियंता के द्वारा की जाएगी।

### सेवानिवृत सूबेदार का हृदयघात से निधन

**महेंद्रगढ़।** खेड़ा निवासी भूतपूर्व सूबेदार रोशनलाल खैरवाल का गुरुग्राम के निजी अस्पताल में हृदयघात से निधन हो गया है। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



परिवार में उनकी धर्मपत्नी, दो पुत्र, दो पौत्र और एक पौत्री है। उनको मुखाग्नि उनके पुत्र आनंद प्रकाश और प्रमोद कुमार ने दी।

### खेत से नोजल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**नारनौल।** खेत से नोजल, पाइप व सरसों चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना अटेली पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान प्रवीन वासी बेगपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित से 10 हजार बरामद किए है। शिकायतकर्ता अशोक कुमार वासी बेगपुर ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके करीब 2.5 एकड़ खेत में सरसों की फसल थी, करीब 25 दिन पहले उसने सरसों को कटवाकर तीन जगह पर इकठ्ठा करवा रखा था। पीड़ित ने बताया कि 21 अप्रैल को वह खेत में गया तो सरसों खेत में ही थी,अगले दिन खेत में सरसों निकलवाने गया तो दो जगह की सरसों नहीं मिली। दूसरे खेत में वह सामान पैक करने के लिए गया तो खेत से 36 नोजल, 38 पाइप व दो बैंड तथा एक टी गायब मिले।


# नकली सरसों के सैंपल भेजे जाने के 15 दिन बाद भी नहीं आई जांच रिपोर्ट

## स्टेट वेयर हाउस की डीएम ने मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ी सरसों की सफाई के लिए कहा, लेकिन बिना झराई के ही की जा रही पैकिंग

हरिभूमि न्यूज कनीना

नई अनाज मंडी चेलावास में 238692 क्विंटल सरसों की खरीद होने के बाद एक मई से खरीद कार्य बंद हो गया है, लेकिन खरीदी गई सरसों का उठान कार्य धीमी गति से जारी है। खुले आसमान के नीचे बारिश में भीग चुकी तथा बिना झराई के सरसों की देर सवेर पैकिंग करवाई जा रही है। खरीद एजेंसी स्टेट वेयर हाउस की प्रबंधक सीमा सिंह व डीएम रेखा मलिक ने मौके पर जाकर सरसों की सफाई कर पैकिंग व उठान कार्य में तेजी लाने को कह रही हैं। बता दें कि 45 दिन के अंतराल में खरीदी गई सरसों का कार्य समय समय पर चर्चा में रहा है। एनसीसीएफ की ओर से खरीदी गई सरसों में से चार हजार बैग सरसों क्वालिटी में फेल मिली थी, जिसे रेवाड़ी के गोदाम से वापस भेजा गया था। एनसीसीएफ के मुख्य खरीद अधिकारी रिषीपाल सिंह व क्वालिटी नियंत्रक अधिकारी रजनीश कौरव ने बताया कि उनकी ओर से बीती नौ अप्रैल तक 1.14 लाख क्विंटल सरसों की खरीद कनीना की नई अनाज मंडी चेलावास से की थी। स्टेट वेयर हाउस की ओर से खरीदी गई सरसों का उठान कर रेवाड़ी स्थित वेयर हाउस के गोदाम में भेजा गया था। जहां जांच करने पर सरसों नकली मिलने की संभावना पर जांच कमेटी ने उसके नमूने लेकर लैब में भेजे थे। इस दौरान करीब 960 बैग लदे वाहन को गोदाम में होल्ड करवाया गया था। डीसी डा. विवेक भारती की ओर से सरसों की खरीद शुरू होने से पूर्व नकली सरसों मिलने पर एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए गए थे। उनके आदेश डीएम स्टेट वेयर हाउस के सामने बौने साबित हो रहे हैं, जबकि इन आदेश का नोटिस बोर्ड भी मंडी गेट पर चस्पा हैं। पखवाड़ा बीतने के बाद भी उसकी रिपोर्ट नहीं आ सकी है। डीएम की ओर से किस लैब में नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं तथा रिपोर्ट कब तक आने की संभावना है, इस पर कोई जवाब नहीं दिया जा रहा है।






**कनीना।** मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ी सरसों का निरीक्षण करती स्टेट वेयर हाउस डीएम रेखा मलिक व मंडी गेट पर धूल फांकते नकली सरसों मिलने पर एफआईआर दर्ज कराने सम्बंधी डीसी के आदेश। फोटो : हरिभूमि

> *कनीना अनाज मंडी में 238692 क्विंटल सरसों की आवक के बाद बंद हुई खरीद, एनसीसीएफ की ओर से खरीदी गई सरसों के चार हजार बैग मिले थे क्वालिटी में फेल, रेवाड़ी गोदाम से भेजे गए थे वापस*

### क्या कहती है स्टेट वेयर हाउस प्रबंधक

स्टेट वेयर हाउस की प्रबंधक सीमा सिंह ने बताया कि सरसों खरीद करने के बाद व्यापारियों की ओर से बिना झराई के सीधे ही बैग में भरी जा रही है, जबकि उनकी ओर से बार बार सरसों को साफ करवाकर भरवाने के लिए कहा गया है।

### क्या कहती है डीएम स्टेट वेयर हाउस

वेयर हाउस डीएम रेखा मलिक ने कहा कि मंडी में कुल 238692 क्विंटल सरसों की खरीद की गई है। डीएम ने कहा कि उनकी ओर से झार लगाकर साफ सुथरी सरसों बैगों में डलवाने के लिए कहा जा रहा है। उन्होंने बताया कि रेवाड़ी गोदाम में उतारी जा रही नकली सरसों की जांच रिपोर्ट नहीं आ सकी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी तथा आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## पंजाब की ओर से हरियाणा का पानी रोकने से उत्पन्न हुआ जल संकट

# नारनौल की नहर में पहुंचा पानी, वाटरटैंक भरने शुरू, आधा पानी ही मिलने से रहेगा जल संकट

राजकुमार ▶▶ नारनौल

### आधा ही पानी मिलने से इस बार भीषण गर्मी में लोगों को देनी होगी अग्निपरीक्षा

क्षेत्रवासियों के लिए कुछ राहत की खबर है। हरियाणा-पंजाब के गहराए विवाद के बीच इलाके खासकर नारनौल में नहरी पानी पहुंच गया और आज सवेरे मंगलवार को प्रातः 7:30 बजे यहां की नहरों में पानी छोड़ दिया गया है। ऐसे में अब नारनौल एवं नांगल चौधरी क्षेत्र के लिए जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से बनाए गए वाटरटैंकों में पानी भरना शुरू कर दिया गया है। हालांकि यह पानी दस दिन बाद मिला है और महज 16 मई तक ही चलेगा। ऐसे में लोगों को एक-एक बूंद का इस्तेमाल सोच-समझकर करने की आवश्यकता होगी, अन्यथा आने वाली भीषण गर्मी में उनके कंठ सूखे रह सकते हैं और उन्हें पीने के पानी के लिए अग्नि परीक्षा के दौर से गुजरना पड़ सकता है। बता दे कि जिला महेंद्रगढ़ की नहरों में कोसली के रास्ते खूबड़ू हैड से नहरी पानी छोड़ा जाता है। यह नहरी पानी प्रत्येक माह 24 दिन के अंतराल उपरांत केवल 15 दिन ही छोड़ा जाता है। इस बार पंजाब एवं हरियाणा के बीच नहरी पानी का विवाद गहराया हुआ है और पंजाब ने हरियाणा को प्रत्येक माह मिलने वाले नहरी पानी की आपूर्ति आधी कर दी है। इसी वजह से इस बार पानी मिलने में देरी हुई है और जो पानी जिला महेंद्रगढ़ की नहरों में गत 28 अप्रैल से आना शुरू हो जाना था, वह अब 6 मई को नारनौल पहुंचा है। यानि पानी आने का आधा पीरियड बीत चुका है। ऐसे में जिले को प्रत्येक माह मिलने वाले नहरी पानी का इस बार लगभग आधा पानी ही मिल पाएगा, क्योंकि देने के लिए फिलहाल राज्य सरकार के पास भी पानी उपलब्ध नहीं है। इन हालातों में लोगों को जिम्मेदारी से काम लेना होगा।





**नारनौल।** सिंघाना रोड की नहर में आया पानी व नहर पर बने एनबी-6 की चलती मोटरें। फोटो : हरिभूमि

### यह बोले अधिकारी

**नहर विभाग के एसडीओः** नहर विभाग के एसडीओ राजेश वर्मा ने बताया कि इस बार पंजाब द्वारा हरियाणा को उसके हिस्से का पानी रोक देने से यह परेशानी उत्पन्न हुई है। हालांकि कुछ पानी नहरों में छोड़ा जा रहा है, लेकिन इससे समुचित जलापूर्ति संभव नहीं हो पाएगी। ऐसे में लोगों को ऐतिहात से काम लेना होगा।

### जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ

जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ मुकेश शर्मा ने बताया कि फिलहाल नहरी पानी आ गया है तथा वाटरटैंकों को नहरी पानी से भरने का प्रयास किया जा रहा है। इस बार पानी की कमी रहेगी। इसलिए लोगों को पानी का उपयोग करते समय सूझबूझ से काम लेना होगा।

### आज सवेरे छोड़ा पानी

*वैसे तो जिला महेंद्रगढ़ में नहरी पानी 30 अप्रैल को ही आ गया था, लेकिन कम पानी मिलने से उसका प्रेशर नहीं बन पाया तथा वह नहरों में सही प्रकार से बह नहीं पाया, जिस कारण नारनौल तक वह पानी पहुंचा नहीं और यहां सिंघाना रोड पर बना एनबी-6 पंप हाउस की मोटरें नहीं चल पाई। बाद में इंतजार करते हुए 6 मई आ गई। अब छह मई को एनबी-6 पंप हाउस चलने से आगे की नहरों में भी पानी छोड़े जाने की उम्मीद बनी है, जिससे नहरी पानी आधारित वाटर वर्कर्स परियोजनाओं को जलापूर्ति का जल भंडारण किया जाएगा।*

### सात पीढ़ियों के जुगाड़ में हुडा वाले

कहते हैं कि व्यक्ति का पेट कभी नहीं भरता और इसी कारण वह सात पीढ़ियों का जुगाड़ करने लग जाता है। कुछ ऐसी ही हालत आज सवेरे एनबी-6 के समीप हुडा के वाटर टैंकों में देखने को मिली। यहां की नहर से जहां हुडा के दोनों वाटर टैंकों को पानी से भरा जा रहा है, वहीं हुडा वालों ने नहर में दो बड़ी मोटरें व पाइप लाइन तथा बिजली के स्टार्टर लगाकर अलग से पानी भरना शुरू कर रखा है, ताकि हुडा के वाटर टैंकों को भरने में कोई कमी न रहा जाए। कर्मचारी इनकी देखरेख में तपती धूप में भी लगे रहे।

### ट्यूबवेल से भी चलाएंगे काम

गर्मी सीजन में पीने के पानी की बढ़ती डिमांड एवं नहरों में जरूरत से कम पानी आने के मद्देनजर जनस्वास्थ्य विभाग ट्यूबवेलों से भी पानी की आपूर्ति करेगा। नारनौल एवं नांगल चौधरी विधानसभाओं के अधीन करीब 157 गांव आते हैं, जिनमें पेयजल आपूर्ति के लिए 485 ट्यूबवैल चालू हालत में तैयार किए जा चुके हैं। यदि कहीं दिक्कत हुई तो ट्यूबवेलों का सहारा लिया जाएगा। इनके अलावा वाटरटैंकरों की भी मदद ली जाएगी।

### दस वाटर टैंकों को भरने की तैयारी

*नारनौल एवं नांगल चौधरी क्षेत्र में जलापूर्ति के लिए जनस्वास्थ्य विभाग ने करीब दस वाटर टैंक बना रखे हैं। नांगल चौधरी क्षेत्र के 122 गांवों के लिए गांव लहरोदा में छह वाटर टैंक बनाए गए हैं। जिनमें से एक से नांगल चौधरी एवं शेष से गांवों में आपूर्ति की जाएगी। इसी प्रकार नसीबपुर एवं रेवाड़ी रोड पर नौ वाटर टैंक नारनौल शहर व ग्रामीण क्षेत्र के लिए बनाए हुए हैं, जिन्हें फिलहाल नहरी पानी से भरने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन यह सब पानी आने पर निर्भर है।*

# नामकरण विवाद: बोर्ड तोड़ने से 1.50 लाख का नुकसान

- 15 अज्ञात पर केस, धरना दूसरे दिन भी रहा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज कोरियावास शुरू होने से पहले ही आपसी राजनीति का शिकार होने लगा है। एक पक्ष इस कॉलेज का नाम महर्षि च्यवन पर ही रहने की मांग पर अड़ा है तो दूसरा पक्ष इस नाम को बदलकर शहीद राव तुलाराम के नाम पर रखने की मांग कर रहा है। इसी के चलते सोमवार को अज्ञात लोगों ने कॉलेज के मुख्य गेट पर लगे महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के बोर्ड को तोड़ दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने धरना शुरू कर दिया। सदर पुलिस थाना ने 10 से 15 व्यक्ति नाम पता नामालूम के खिलाफ बीएनएस की धारा 190,191(2), 324(3), 324(5) के तहत केस दर्ज किया है। वहीं शहीद तुलाराम के नाम से कॉलेज का नाम रखने की मांग को लेकर दूसरे दिन मंगलवार भी ग्रामीणों का धरना जारी रहा। लोक निर्माण विभाग भवन एवं सड़क एडीबी नारनौल के उपमंडल अभियंता देवेंद्र कुमार ने सदर पुलिस थाना में शिकायत दी है। शिकायत में उपमंडल अभियंता ने बताया है कि हरियाणा सरकार के दिशा निर्देशानुसार मेडिकल कॉलेज का नाम महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज कोरियावास सुनिश्चित किया गया था। यहां एक मई से ओपीडी भी शुरू हो चुकी है। पीडब्ल्यूडी विभाग के ठेकेदार द्वारा मुख्य द्वार पर कॉलेज एवं अस्पताल का नाम लिख दिया गया था। अब सोमवार को सुबह करीब सात बजे 10 से 15 अज्ञात लोगों द्वारा मुख्य द्वार पर तोड़ फोड़ की गई। जैसी कि ड्यूटी पर तैनात एचजीएच मुकेश, एचजीएच कुलदीप व एचजीएच संजय कुमार ने विभाग को सूचना दी कि इस तोड़ फोड़ में करीब 1.50 लाख का सरकारी सम्पत्ति का नुकसान हुआ है। उपरोक्त अज्ञातों की पहचान करके उचित कार्रवाई की जाए।


हरिभूमि
मेडिकल कॉलेज का नाम महर्षि च्यवन ऋषि रखने पर ग्रामीणों ने धरना देकर जताया रोष

**नारनौल।** 6 मई को प्रकाशित समाचार।



### नगर पालिका का वार्ड 10 में सफाई अभियान

**महेंद्रगढ़।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर पालिका ने शहर के वार्ड नंबर दस में सफाई अभियान चलाया। अभियान के तहत वार्ड में गलियों, नालियों व सड़कों की सफाई की गई। नगर पालिका दरोगा रिंकू उर्फ सुमित ने कहा कि सफाई अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक करना है। लोगों की भागीदारी से ही शहर को गंदगी से मुक्त किया जा सकता है। शहर के विभिन्न वार्डों में सफाई कर लोगों को अभियान के साथ जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि सफाई हमारे स्वस्थ्य का आधार स्तंभ है। घरों आसपास नियमित रूप से सफाई करने से बीमारियां नहीं फैलती हैं।

## पूर्व सीएम मनोहरलाल ने वर्ष 2016 में किया था शिलान्यास

# नए भवन में लुवास रीजनल सेंटर होगा शुरू 18 मई को सीएम सैनी कर सकते हैं शुभारंभ

### मार्च 2018 में तत्कालीन शिक्षामंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने किया था निर्माण कार्य का शुभारंभ

> फरवरी 2022 से बंद था सेंटर का निर्माण कार्य
> गत माह पूरा हुआ अधूरा निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ़

आखिरकार आठ वर्ष बाद लुवास रीजनल सेंटर को अपना स्थाई भवन मिल चुका है। नए भवन में पशु चिकित्सा मिलनी शुरू हो गई है। 18 मई को मुख्यमंत्री नए भवन का शुभारंभ कर सकते हैं। इसके अलावा विधायक की ओर से सब डिपो के शुभारंभ कराने का प्रयास कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने वर्ष 2016 में अपनी पहली पारी के दौरान महेंद्रगढ़ की सब्जी मंडी में लुवास के गांव रिवासा में बनने वाली रीजनल सेंटर का शिलान्यास किया था। मार्च 2018 में तत्कालीन शिक्षामंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने निर्माण कार्य का शुभारंभ किया था। प्रथम चरण में लुवास की ओर से 7.40 करोड़ रुपये की राशि लोक निर्माण विभाग के खाते में डाली गई थी। मार्च 2018 में शुरू हुआ काम दिसंबर 2020 में पूरा होना था, लेकिन कोरोना संकट के कारण इसकी समय सीमा बढ़ा दी। फरवरी 2022 में इसका 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका था। दो साल से काम बंद होने के कारण चारों भवनों की दीवारों में दरारें आनी शुरू हो गई थी। इसके बाद फिर से लुवास ने इसकी सुध ली और 1.50 करोड़ रुपये के बजट को स्वीकृति देकर इसका निर्माण पुनः शुरू कराया। तीन माह पूर्व फिर से निर्माण के अंतिम चरण के कार्य को भी पूरा करा दिया। इस भवन पर करीब 11 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। अब लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय की ओर से जल्द ही इसमें अत्याधुनिक मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी। दक्षिणी हरियाणा के इन सात जिलों की करीब 95 प्रतिशत आबादी पशुपालन से जुड़ी हुई थी।


**महेंद्रगढ़।** नए भवन में पशु का इलाज करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### पशुपालकों को मिलेंगी यह सुविधाएं

रिवासा के पंचायत घर में चल रहा केंद्र अपने भवन में शुरू होने से महेंद्रगढ़ के अलावा प्रदेश के भिवानी, चरखी दादरी, झज्जर, रेवाड़ी, गुरुग्राम, मेवात व राजस्थान के साथ लगते जिला झुंझुनू, अलवर, कोटपुतली-बहरोड़, सीकर आदि जिलों के पशुपालकों के लिए वरदान साबित होगी। यहां पर पशुओं के बड़े आपरेशन, सर्जरी, नए शोध, पशुपालन की नई तकनीक की जानकारी, जागरूकता शिविर, मूल्य संवर्धन उत्पादन, पशुओं के अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, चिकित्सा सुविधाएं, मोबाइल वैन सहित अन्य प्रकार की सुविधाएं मिल सकेंगी। इस समय केंद्र में सात पशु वैज्ञानिक एवं 15 नॉन टीचिंग स्थाई व अस्थाई स्टाफ हैं।



# शाहरुख ने दिखाया सुपर स्टारडम तो कियारा ने किया मदरहुड को सलाम

*लॉस एंजिल्स। दुनिया के सबसे बड़े फैशन शो या फैशन समारोह मेट गाला का आयोजन हो चुका है। हर साल की तरह इस बार भी न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में मई के पहले सोमवार को मेट गाला का आयोजन किया गया। जो भारतीय समयानुसार 6 मई को सुबह 3:30 बजे शुरू हुआ। इस समारोह में बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान से लेकर कियारा आडवाणी, प्रियंका चोपड़ा और दिलजीत दोसांझ सरीखे स्टार्स ने रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरा। शाहरुख ने जहां अपने स्टारडम से सबका ध्यान खींचा तो वहीं कियारा का टू बी मॉम लुक लोगों को पसंद आया और दिलजीत के महाराजा लुक ने लोगों का दिल ही जीत लिया।*



### हीरा जड़ी हुई है शाहरुख की बंगाल टाइगर हेड वाली छड़ी

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान ने इस बार मेट गाला पर अपना शानदार डेब्यू किया। अपने इस बहुप्रतीक्षित डेब्यू के लिए किंग खान ने भारत के मशहूर डिजाइनर सब्यसाची के आउटफिट को चुना। शाहरुख ने ब्लैक आउटफिट के साथ चमकदार गोल्डन कलर की ज्वेलरी भी पहनी, जिसमें वो किसी सुपरस्टार से कम नहीं नजर आए। 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल'थीम के मुताबिक, शाहरुख ने कई गोल्डन नेकलेस के साथ एक स्टाइलिश ब्लैक कलर का सूट पहना था। दो सबसे प्रमुख नेकलेस में से एक में उनके शुरुआती अक्षर '**SRK**' और दूसरे में '**K**' अक्षर है। शाहरुख के आउटफिट के बारे में बताते हुए डिजाइनर सब्यसाची का कहना है कि ये आउटफिट वैश्विक मंच पर उनके स्टारडम को दिखाता है। एक्टर ने अपने बाएं हाथ में चार खूबसूरत अंगूठियां और एक शानदार घड़ी भी पहनी थी। उन्होंने इस क्लासी लुक को और स्टाइलिश बनाने के लिए ब्लैक चश्मा और एक स्टेटमेंट ब्रोच को भी अपने साथ जोड़ा।

### कियारा के लुक ने बिखेरा जलवा

कियारा आडवाणी ने बेबी बंप के साथ मेट गाला में अपना डेब्यू किया। अपने इस डेब्यू के लिए कियारा ने भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता के कस्टम कॉउचर आउटफिट को चुना। ब्रेवहार्ट्स नाम की उनकी ड्रेस फेमिनिटी, ट्रांसफॉर्मेशन और वंश को ट्रिब्यूट थी। स्कल्पचरल से तैयार इस इस गाउन में घुंघरू और क्रिस्टल से सजी एक प्राचीन सोने की ब्रेस्टप्लेट थी। मदर हार्ट और बेबी हार्ट को दर्शाती एक चेन कियारा ने पहनी थी जो उनके बेबी बंप पर टच कर रही थी। जो उनकी प्रेगनेंसी और जल्द ही मां बनने की भावना को दर्शाती है।

### महाराजा लुक में नजर आए दिलजीत

सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ ने इस बार मेट गाला में अपना शानदार आगाज किया। अक्सर अपने फैशन से लोगों का ध्यान खींचने वाले दिलजीत के मेट गाला में महाराजा लुक ने भी सभी का दिल जीत लिया। दिलजीत ने प्रबल गुरुंग द्वारा डिजाइन की गई व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी। पंजाबी राजघराने की झलक दिखाते दिलजीत के आउटफिट में एक कुर्ता और एक लंबा अंगरखा और ड्रेप्ड बॉटम के साथ पगड़ी शामिल थी। भारी एसेसिरीज व ज्वेलरी और तलवार के साथ दिलजीत ने अपने महाराजा लुक को कम्पलीट किया। दिलजीत को देखते ही उनके फैंस बोले 'ओये पंजाबी आ गए ओए'

### प्रियंका ने दिखाई क्लासिक हॉलीवुड की झलक

ग्लोबल स्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा ने इस बार मेट गाला में एक टेलर्ड पोल्का डॉट सूट ड्रेस में अपना जलवा बिखेरा। इसे बाल्मेन के ओलिवियर रूस्टिंग द्वारा बनाया गया था। इस लुक में क्लासिक हॉलीवुड की झलक देखने को मिली, जिसमें शार्प सिल्हूट और स्टाइल को दिखाया गया। प्रियंका की यह ड्रेस ब्लैक सार्टोरियल पहचान और ब्लैक डैंडी की ऐतिहासिक खोज पर आधारित थी। प्रियंका की ड्रेस को को शानदार इतालवी घराने बव्लगारी की शानदार ज्वेलरी से सजाया गया था।

### ईशा अंबानी ने भी बिखेरा अपना जलवा

रिलायंस इंडस्ट्री लिमिटेड की डायरेक्टर ईशा अंबानी भी मेट गाला में पहुंचीं। वह डिजाइनर अनामिका खन्ना द्वारा डिजाइन की गई ड्रेस में कारपेट पर उतरीं। व्हाइट जियोमेट्रिक कोर्सेट, काले रंग की पैंट और सफेद केप पहने ईशा ने मेट गाला में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। उनकी ड्रेस ब्लैक डैंडी स्टाइल से प्रेरित थी। अपने डिजाइन को कीमती स्टोन्स और पारंपरिक मोती के काम से और अधिक आकर्षक बनाया। ग्लैमर के लिए ईशा ने ओसदार मेकअप चुना और अपने बालों को लंबी चोटी में बांधा।

## रॉक एंड रोल सूट में जेंडया और टेलर्ड फॉर यू में दिखीं स्टाइलिश

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया का सबसे बड़ा फैशन इवेंट मेट गाला 4 मई को शुरू हुआ, जिसमें बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक के कई ग्लोबल स्टार्स ने हिस्सा लिया। इस फैशन इवेंट में कई हस्तियों ने अपने बोल्ड एंड हॉट लुक से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।

***सिडनी स्वीनी :*** अमेरिकी अभिनेत्री सिडनी स्वीनी काले रंग की शाइनिंग ड्रेस में मेट गाला 2025 फैशन इवेंट में पहुंचीं। उन्होंने मीयू-मूयी ब्लैक शाइनिंग गाउन के साथ प्लंजिंग कीहोल नेकलाइन कैरी किया, जिस पर गोल्ड रोसेट डिटेल और बीडेड फ्रिंज शोल्डर एक्सेंट लगे हुए हैं। उन्होंने स्लीक्ड-बैक अपडू के साथ पुराने हॉलीवुड लुक को पूरा किया।

***गिगी हदीद :*** गिगी हदीद ने फैशन की सबसे बड़ी रात के लिए मिउ मिउ का एक गोल्डन फिट गाउन पहना, जो जोसेफिन बेकर का संदर्भ देता है। गिगी हदीद किसी बड़ी फिल्म में अभिनय करने वाली पहली गोरी अभिनेत्री हैं।

***जेंडया :*** अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका जेंडया ने इस बार मेट गाला 2025 में लॉ रोच द्वारा स्टाइल किए गया सफेद रंग का कस्टम लुई वुइटन सूट और मैचिंग हैट पहना। उनका लुक हर बार की तरह इस बार भी अनोखा और स्टाइलिश दिखा। फैरेल विलियम्स द्वारा डिजाइन किया गया यह सफेद रंग का लुक जूट सूट के रॉक एंड रोल इतिहास को श्रद्धांजलि देता है- जो ब्लैक डैंडीज्म की आधारशिला है।



जेंडाया ने ब्रेस्टेड टक्सेडो, वास्कट, सिल्क शर्ट-और-टाई, और फ्लेयर्ड ट्राउजर से अपने लुक को इनहैंस किया।

***रिहाना ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप :*** मेट गाला में रिहाना के स्टाइलिश लुक के साथ प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ा सरप्राइज रहा। रिहाना ने रेड कार्पेट पर ग्रे ब्लैक टू-पीस आउटफिट में शानदार एंट्री की। इस लुक में सिंगर का बेबी बंप भी साफ दिखाई दिया। रिहाना ने मेट गाला के लिए 'टेलर्ड फॉर यू' ड्रेस कोड कैरी किया। अपने लुक को सिंगर ने एक टॉप हैट, पोल्का डॉट नेकटाई, पॉकेट स्क्वायर, डायमंड ब्रोच और टू-टोन हील्स के साथ पूरा किया। इस लुक में रिहाना बहुत ही स्टाइलिश दिखीं। वहीं एक्ट्रेस के बेबी बंप से उनकी खूबसूरती और भी ज्यादा बढ़ गई।

***दुआ लिपा और सबरीना कारपेंटर :*** दुआ लिपा ने 2025 मेट गाला के रेड कार्पेट पर एक काले रंग की चैनल ड्रेस पहनी, जबकि सबरीना कारपेंटर एक कस्टम बरगंडी लुइस वुइटन टक्सिडो-प्रेरित बॉडीसूट में पहुंचीं।

***लिसा :*** *ब्वैलपिंक स्टार लिसा ने लुई वुइटन में अपना डेब्यू किया। उन्होंने इस दौरान ब्लैक शाइनिंग मोनोकिनी स्टाइल ड्रेस पहनी और अपने शानदार पोज से दर्शकों का दिल जीता।*

***हंटर शेफेर, एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर - सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस :*** *व्हाइट लोटस सितारों ने 2025 के मेट गाला के रेड कार्पेट पर स्टाइलिश लुक से हर किसी का दिल जीत लिया। हंटर शेफेर से लेकर एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर, सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस ने अपने लुक से फैशन की सबसे बड़ी रात में अपने अनोखे स्टाइल पेश किया।*


***हैली बीबर और केंडल जेनर :*** *हैली बीबर और केंडल जेनर ने 2025 मेट गाला रेड कार्पेट पर शार्प, टेलर्ड लुक पेश किया। हैली ने सेंट लॉरेंट ब्लेजर ड्रेस पहनी, जिसे टिफनी एंड कंपनी के ज्वेल्स और प्लेटफॉर्म हील्स के साथ पेयर किया। वहीं केंडल ने इस साल की रेड कार्पेट थीम, "टेलर्ड फॉर यू" के अनुरूप, टोरीशेजू का ग्रे स्कर्ट सूट चुना और डायमंड नेकलेस के साथ लुक को पूरा किया।*

***किम कार्दशियन :*** *मेट गाला 2025 में किम कार्दशियन ने स्टाइलिश बॉडीकॉन फिश कट ब्लैक लेदर ड्रेस के साथ ब्लैक हैट कैरी की। इसके साथ किम ने डायमंड ज्वैरी से अपने लुक को इंहैंस किया। उनका लुक किसी डिटेक्टिव जैसा दिखा।*



## 'बेसोस' गाने से धमाल मचाने को तैयार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज और पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन की नई म्यूजिक वीडियो 'बेसोस'का टीजर 6 मई को रिलीज हो गया। इसने फैंस के बीच उत्साह की लहर दौड़ा दी है। इस टीजर में जैकलीन अपनी शानदार डांस मूव्स से स्क्रीन पर आग लगाती नजर आ रही हैं, जबकि शिखर धवन अपने स्टाइलिश लुक से सुर्खियां बटोर रहे हैं। गाने को मशहूर गायिका श्रेया घोषाल और इंटरनेशनल आर्टिस्ट कार्ल वाइन ने अपनी आवाज दी है। फैंस इस अनोखी जोड़ी की केमिस्ट्री देखने के लिए बेसब्र हैं। पूरा गाना 8 मई को सुबह 11 बजे प्ले डीएमएफ के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा। 'बेसोस'का टीजर रंगीन और जोशीले वाइब्स से भरपूर है। टीजर में जैकलीन की एनर्जेटिक डांस मूव्स और शिखर का कूल अवतार फैंस का ध्यान खींच रहा है।



## 'टाइगर' की नई शॉर्ट फिल्म का टीजर जारी

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ अपनी नई फिल्म जहां'को लेकर चर्चा में है। 2024 की सिंघम अगेन के बाद वह इस शॉर्ट फिल्म में दिखाई देंगे, जो एक्शन से भरी हुई है। राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस फिल्म को रेमो डिसूजा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म का टीजर जारी कर दिया गया है। टाइगर ने फिल्म का टीजर रिलीज करते हुए कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी अंत ही नई शुरुआत होती है। मेरे भाई राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस शॉर्ट फिल्म का हिस्सा बन कर मैं बहुत खुश हूं, जिसमें पावरफुल मेसेज दिया गया है।' प्रोड्यूसर रेमो डिसूजा ने इस फिल्म को आरडी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड आरएस स्टूडियो के तहत बनाया है। फिल्म का टीजर बहुत ही जबरदस्त और एक्शन से भरा है। फिल्म की टीजर की शुरुआत में टाइगर पानी का ग्लास लेने के लिए हाथ आगे बढ़ाते है।

## अनिल ने मां निर्मल कपूर के देहांत के बाद की भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर की मां निर्मल कपूर का शुक्रवार 2 मई को शाम को मुंबई के एक निजी अस्पताल में वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों की वजह निधन हो गया। मंगलवार को अनिल ने सोशल मीडिया पर अपनी मां निर्मल की पांच ब्लैक एंड व्हाइट और कलर्ड तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही एक इमोशनल नोट भी शेयर किया।

***अनिल ने शेयर कीं पांच अनदेखी तस्वीरें :*** अनिल ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर अपनी मां की कई पुरानी और नई तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर निर्मल की पेंटिग है, दूसरी तस्वीर में निर्मल ब्लैक साड़ी में बेहद खूबरत दिखाई दे रही हैं, तीसरी तस्वीर में एक फोटो फ्रेम के अंदर निर्मल की तस्वीर दिखाई दे रही है। वहीं चोथी तस्वीर में निर्मल की गोद में एक छोटा बच्चा बैठा दिखाई दे रहा है, यकीन से नहीं कह सकते लेकिन हो सकता है कि यह अनिल ही हों और पांचवी तस्वीर में निर्मल अपने पूरे परिवार के साथ दो केक के सामने बैठी नजर आ रही हैं। शायद किसी का जन्मदिन रहा होगा।

***पोस्ट के जरिए दी मां को श्रद्धांजलि :*** अनिल कपूर ने लिखा, जीवन के हर क्षेत्र से मिल रहा प्यार अभिभूत करने वाला है। मेरे पास वास्तव में यह बताने के लिए शब्द नहीं हैं कि हम उनके कितने आभारी हैं। मेरी मां ने न केवल सीधे तौर पर बल्कि उन लोगों के माध्यम से भी बहुत से लोगों के जीवन को छुआ है, जिनका उन्होंने पालन-पोषण किया, उनका समर्थन किया और उन्हें प्यार किया। वह उन उल्लेखनीय महिलाओं में से एक थीं जो कभी भी सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन जिनकी ताकत ने सभी को एक साथ बांधे रखा। एक खामोश स्तंभ, हमेशा मुस्कुराती हुई, हमेशा परवाह करने वाली, हमेशा अपने आस-पास के लोगों को गर्मजोशी से भर देने वाली।'





### सभी के करीब थीं निर्मल कपूर

अनिल ने आगे लिखा, 'वह वह गोंद थी जिसने हमारे परिवार को हमारे बच्चों से लेकर हमारे पोते-पोतियों और यहां तक कि हमारे विस्तारित परिवार और दोस्तों तक के करीब रखा। उनका प्यार दूर-दूर तक फैला हुआ था और संदेशों और स्नेह की बाढ़ से यह स्पष्ट है कि उन्होंने इतने सारे दिलों पर एक स्थायी प्रभाव डाला।' अनिल ने आगे लिखा, 'आप सभी को, विशेष रूप से फिल्म बिरादरी से, आपके दयालु शब्दों, प्रार्थनाओं और प्यार के लिए हार्दिक धन्यवाद। हम वास्तव में विनम्र और आभारी हैं।'

## टीवी मसाला




## इन हिंदी टीवी सीरियल की कहानी की गई कॉपी ...

**नई दिल्ली।** हाल ही में 'गुम है किसी के प्यार में' सीरियल का एक प्रोमो वीडियो सामने आया। इस प्रोमो को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स ने दावा है कि इसकी कहानी जेनिफर विंगेट और हर्षद चोपड़ा के सीरियल 'बेपनाह' से कॉपी की गई है। यह पहली बार नहीं है कि किसी हिंदी टीवी सीरियल की कहानी कॉपी की गई हो, पहले भी ऐसा हो चुका है। कई हिट सीरियल तक कॉपी किए गए हैं। सीरियल 'बढ़ो बहू(2016)' एक रोमांटिक ड्रामा सीरियल था। यह सीरियल टीवी पर आया तो इसकी तुलना हिंदी फिल्म 'दम लगा के हइशा(2015)' से हुई। दोनों की कहानी एक मोटी लड़की के ईद-गिर्द घूमती है। सीरियल 'बढ़ो बहू' में लीड रोल में रिताशा राठौर थीं, वहीं हीरो का रोल प्रिंस नरुला ने किया था। साल 2003 में टीवी सीरियल 'जस्सी जैसी कोई नहीं' खूब पॉपुलर हुआ, इसमें मोना सिंह ने लीड रोल निभाया था। यह सीरियल भी कोलंबियन सीरियल 'यो सोय बेट्टी, ला फी' की थीम पर बना था, बस इसे भारतीय दर्शकों के हिसाब से तैयार किया गया था। साल 1993 में कॉमिक सीरियल 'जबान संभाले के'ने दर्शकों को खूब हंसाया, इसमें पंकज कपूर के अलावा कई चर्चित कलाकार नजर आए। यह सीरियल भी ब्रिटिश सिटकॉम 'मांइड योर लैंग्वेज'का इंडियन वर्जन था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी (2010)' को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया था, इस सीरियल में विवियन डिसेना ने एक वैंपायर का रोल किया था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी'की स्टोरी हॉलीवुड सीरियल 'द वैंपायर डायरी'और फिल्म सीरीज 'ट्वाइलाइट' से ली गई थी। साल 2003 में एक हिंदी सीरियल 'करिश्मा'का करिश्मा'रिलीज हुआ।

## पर्दे पर करनी पड़ी अपनी ही 'आपा' के साथ जबरदस्ती

*__नई दिल्ली।__ हिंदी सिनेमा के दमदार विलेन रजा मुराद ने अपने करियर में ज्यादातर विलेन के रोल निभाए हैं। उनकी आवाज तो इतनी दमदार थी कि उससे लोग कांप जाते थे। दिग्गज एक्टर ने फिल्मों में अपनी खलनायकी से हमेशा सबका दिल जीता। अब तक वह 200 से ज्यादा फिल्मों में नजर आ चुके हैं। राज कपूर की एक फिल्म में तो उन्होंने दर्शकों का दिल ही जीत लिया था। बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेस जीनत अमान के साथ भी उन्होंने काम किया है। एक फिल्म में तो उन्हें एक्ट्रेस के साथ रेप सीन शूट करना था। लेकिन, उन्होंने जीनत संग ये सीन करने से साफ इनकार कर दिया था।*



*बॉलीवुड में जीनत अमान वो एक्ट्रेस थी, जिनके साथ काम करने से कभी किसी ने मना नहीं किया था। चाहे वह हीरो हो या विलेन, हर कोई उनके साथ काम करने को तरसा करता था। रजा मुराद इकलौते वो एक्टर थे, जिन्होंने जीनत के साथ एक सीन करने से इनकार कर दिया था। दरअसल, इसके पीछे एक बड़ी वजह थी। दोनों ने साल साल 1987 में आई फिल्म डाकू हसीना में एक साथ काम किया था।*

*इसी फिल्म में दोनों को दोनों ही डाकू के किरदार में थे और स्क्रिप्ट के मुताबिक रजा को जीनत के साथ रेप सीन शूट करना था। रजा ने जैसे ही सुना कि ये सीन करना है, उन्होंने साफ इनकार कर दिया। वह उन्हें छूने के लिए तैयार नहीं थे। इसकी बड़ी वजह ये थी कि असल जिदंगी में जीनत अमान उनकी कजिन बहन थीं। जीनत और रजा मुराद चचेरे भाई-बहन थे।*

### *ज्यादातर नेगेटिव रोल ही हैं निभाए*

*रजा मुराद ने अपने कॅरियर में ज्यादातर नेगेटिव रोल ही निभाए हैं। साल 1982 में आई राज कपूर की फिल्म प्रेम रोग में उन्होंने पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ का किरदार निभाया था। इस फिल्म में भी उन्होंने रेप सीन शूट किया था। फिल्म में वह पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ और तनुजा के पति के रोल में नजर आए थे। फिल्म ब्लॉकबस्टर हिट हुई थी। रजा मुराद के रोल की भी सभी ने दिल खोलकर तारीफ की थी। इस फिल्म में उन्होंने एक ऐसे दरिंदे का रोल निभाया था, जो अपने ही भाई की पत्नी का रेप करता है।*

## अमेरिकी टैरिफ से भारतीय सिनेमा पर क्या होगा असर? दिग्गज फिल्मकारों ने दी प्रतिक्रिया

*__नई दिल्ली।__ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में विदेशों में बनी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की बात कही थी। इस फैसले ने विश्व सिनेमा, खासकर भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म निर्माताओं ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।*

### फिल्मों का प्रवाह होगा कम : महेश भट्ट

फिल्म निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट का कहना है कि यह फैसला अपेक्षित था, लेकिन अब इसके असर को समझना जरूरी है। उन्होंने कहा, 'यह तो होना ही था, लेकिन सवाल यह है कि इसका असर कितना गहरा होगा? क्या यह स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर भी लागू होगा? अमेरिका में तेलुगु फिल्मों की काफी मांग है। इस टैरिफ से हर कोई प्रभावित होगा। पहले जहां डिस्ट्रीब्यूटर्स 100 रुपए खर्च करते थे, अब उन्हें 200 रुपए देने पड़ेंगे। जाहिर है, इससे फिल्मों का प्रवाह कम होगा।"

### विक्रम भट्ट ने टैरिफ पर उठाए सवाल

वहीं, फिल्म निर्माता और निर्देशक विक्रम भट्ट का मानना है कि भारतीय सिनेमा पर इस टैरिफ का असर सीमित होगा। उन्होंने कहा, 'हमारी अधिकांश फिल्में अमेरिका और ब्रिटेन जैसे बाजारों में नहीं जातीं। केवल बड़ी बजट की फिल्में ही वहां पहुंचती हैं। मध्यम और छोटे बजट की फिल्मों का विदेशी बाजार पहले से ही सीमित है। अब इस टैरिफ के बाद शायद केवल मेगा-बजट फिल्में ही वहां प्रदर्शित हो पाएंगी, क्योंकि वहां प्रदर्शन की लागत बहुत ज्यादा है। वैसे भी हमारी फिल्में अमेरिका में शूट नहीं होतीं तो हमारी फिल्मों पर टैरिफ लगाने का क्या मतलब?"




### विवेक अग्निहोत्री ने की आलोचना

इस मुद्दे पर फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री ने भी अपनी राय रखी है। उन्होंने सोमवार को उन्होंने एक्स पोस्ट के जरिए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यह भारत की फिल्म इंडस्ट्री के लिए बेहद खतरनाक है। विवेक ने कहा, "ट्रंप द्वारा फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाना एक विनाशकारी कदम है। अगर यह बेतुकापन जारी रहा तो भारत का संघर्षरत फिल्म उद्योग पूरी तरह से ध्वस्त हो जाएगा और इसे बचाने वाला कोई नहीं होगा। विवेके ने आगे कहा, भारतीय फिल्म लीडर्स को जागना और एकजुट होना चाहिए और पैपराजी और आत्म-प्रशंसा के पीछे भागने के बजाय इस खतरे से लड़ना चाहिए।

## 'लाफ्टर शेफ 2' पहुंचे तो ट्रोल हुए अभिनव अरोड़ा

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन भारती सिंह कलर्स चैनल पर एक शो 'लाफ्टर शेफ 2' को होस्ट करती हैं, इनके साथ शेफ हरपाल भी नजर आते हैं। शो में कृष्णा अभिषेक, करण कुंद्रा, एल्विश यादव, अंकिता लोखंडे, विक्की जैने, रुबीना दिलैक जैसे टीवी सेलिब्रिटी नजर आते हैं। यहां एक तरफ तो कुकिंग टास्क पूरे करते हैं, वहीं शो में हंसी का माहौल भी खूब बनता है। हाल ही में इस शो के एक एपिसोड का प्रोमो कलर्सटीवी के इंस्टाग्राम पेज पर साझा किया गया। प्रोमो में बतौर मेहमान अभिनव अरोड़ा नजर आ रहे हैं, इस बच्चे को देखकर फैंस नाराज हो गए। इसके बाद अभिनव की ट्ररोलिंग शुरू कर दी। इस लड़के को कथित बाल संत के नाम से सोशल मीडिया पर जाना जाता है। सोशल मीडिया पर इस लड़के की हरकतें देखकर कुछ यूजर्स अक्सर नाराज हो जाते हैं।



## खबर संक्षेप

### प्ले स्कूलों के पंजीकरण की तिथि बढ़ाई

**नारनौल।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिले में निजी प्ले स्कूलों के पंजीकरण की तिथि बढ़ाकर अब 30 मई कर दी गई है। पहले इसकी अंतिम तिथि चार अप्रैल थी। यह जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास अधिकारी संगीता यादव ने बताया कि अब कोई भी निजी प्ले स्कूल संचालक 30 मई तक किसी भी कार्य दिवस पर पुराने लघु सचिवालय में प्रथम तल पर स्थित महिला एवं बाल विकास कार्यालय में सुबह नौ से पांच बजे तक पंजीकरण के लिए आवेदन जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्ले स्कूलों के लिए हर साल मान्यता लेनी होती है

### गांव भुंगारका में हार्ट अटैक से वृद्धा की मौत

**नारनौल।** गांव भुंगारका में एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। मौत के पीछे हर्ट अटैक होना माना जा रहा है। जानकारी मुताबिक करीब 75 वर्षीय विद्या देवी की बीती रात को अचानक तबीयत खराब हो गई तथा उसको तेज पसीने आने लगे। उन्हें परिजनों ने उसे चिकित्सक को भी दिखाया, लेकिन बाद में उन्हें उल्टी–दस्त की दिक्कत हो गई। परिजन सवेरे उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल नारनौल लेकर आए, जहां उपचार के दौरान वृद्धा ने दम तोड़ दिया।

### पुण्यतिथि पर लगाई गोवंश के लिए सवामणी

**नारनौल।** भारत विकास परिषद शाखा के तत्वावधान में रेवाड़ी रोड स्थित गोपाल गोशाला में कमल सचदेवा ने अपनी माता कृष्णा देवी की पुण्य तिथि पर पशु प्रेम का एक अनूठा उदाहरण पेश करते हुए सात क्विंटल ताजी हरी सब्जियां खिलाई। परिषद सेवा गतिविधि प्रमुख पवन यादव ने कहा कमल सचदेवा ने यह नेक कार्य गायों के स्वास्थ्य व पोषण को ध्यान में रखते हुए किया है। सचिव मुकेश जैन ने बताया सचदेवा का यह पुनीत कार्य दूसरों को भी पशुओं के प्रति संवेदनशील होने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना: गरीबों की छत पर लगाए जा रहे 2 किलो वाट तक के सोलर सिस्टम

*एडीसी डॉ आनंद कुमार शर्मा ने ली अधिकारियों की बैठक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर लेकर सरकार का मुख्य फोकस है। यह योजना गरीबों के बिजली बिलों में कटौती के साथ-साथ उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने का भी जरिया बनेगी।

इस योजना के दायरे में आने वाले सभी लाभार्थियों को जल्द से जल्द कनेक्शन दिए जाएं। यह निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने मंगलवार को लघु सचिवालय में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर बुलाई अधिकारियों की बैठक में दिए। इस अवसर पर एडीसी ने कहा कि यह सरकार की फ्लैगशिप योजना है। ऐसे में अधिकारी अधिक से अधिक नागरिकों को इस योजना में आवेदन करने के लिए प्रेरित करें। इस योजना से गरीबों को न केवल बिजली के बिल में राहत मिलेगी, बल्कि अगर वे बिजली का कम इस्तेमाल करेंगे तो उनकी कमाई भी होगी। एडीसी ने बताया कि हरियाणा एवं केंद्र सरकार की ओर से संयुक्त रूप से चलाई जा रही प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त योजना निःशुल्क सौर ऊर्जा का एक बेहतरीन अवसर है। इस योजना से न केवल बिजली की बचत होगी, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा तथा पर्यावरण का संरक्षण होगा।



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी डा. आनंद कुमार शर्मा।

#### यह है सोलर लगवाने की प्रक्रिया

बिजली निगम के एसई जोगिंद्र हुड्डा ने बताया कि सोलर पैनल लगवाने की प्रक्रिया बिल्कुल सरल है। सबसे पहले नागरिक को पर रजिस्ट्रेशन कराना है। इसके बाद अपनी मर्जी से सोलर लगाने वाले वेंडर का चयन करना है। वेंडर का चयन करने के बाद संबंधित वेंडर से नागरिक अपना एग्रीमेंट साइन करें। एग्रीमेंट के बाद वेंडर की ओर से की गई शर्तों के अनुसार सोलर सिस्टम लगा दिया जाएगा।

#### बैंक से लोन की सुविधा

एडीसी ने बताया कि इस योजना से हर महीने सौर ऊर्जा से 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। इस योजना में गरीब परिवारों के लिए लगभग 100 फीसदी सब्सिडी के साथ सौर पैनल पूरी तरह से मुफ्त में स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि दो किलो वाट का सोलर सिस्टम लगवाने पर लगभग 1.20 से लेकर 1.30 लाख तक का खर्च आएगा। यह राशि पहले जमा करवानी होगी। सोलर सिस्टम लगने के बाद सरकार की ओर से उसी खाते में सब्सिडी डाल दी जाएगी।

#### बिजली कनेक्शन जरूरी

एडीसी ने बताया कि योजना के तहत पंजीकरण करवाने के लिए ऑफिसियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं। इस संबंध में जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 155555 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए लाभार्थी के पास कानूनी रूप से अपना मकान और उपयुक्त छत होनी चाहिए। साथ ही बिजली का वैध कनेक्शन होना चाहिए। इसके अलावा लाभार्थी को इससे पहले किसी सरकारी सौर सब्सिडी का लाभ नहीं लिया हुआ होना चाहिए। एडीसी ने बताया कि 1.80 लाख रुपये से नीचे की वार्षिक आय के लाभार्थियों को दो किलोवाट तक के सोलर सिस्टम पर 60 हजार रुपये तक की सब्सिडी केंद्र सरकार व 50 हजार की अतिरिक्त सब्सिडी हरियाणा सरकार की ओर से दी जाएगी। इसके अलावा एडीसी ने बताया कि 1.80 लाख से तीन लाख तक की वार्षिक आय के लाभार्थियों को दो किलो वाट तक के सोलर सिस्टम पर 60 हजार की सब्सिडी केंद्र सरकार की ओर से दी जाएगी, जबकि 20 हजार रुपये की सब्सिडी हरियाणा सरकार की ओर से दी जाएगी। उन्होंने बताया कि तीन लाख से अधिक आय वाले उपभोक्ताओं को दो किलोवाट तक के सोलर सिस्टम के लिए 78000 तक की सब्सिडी दी जाएगी। यह योजना ग्रामीण तथा शहरी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए है। इस बैठक में बिजली निगम के एसई जोगिंद्र हुड्डा, डीआरओ राकेश कुमार, डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

## दौंगड़ा अहीर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 10वीं का छात्र है मनीष

# सेंट्रल हॉल ऑफ पार्लियामेंट में मनीष देगा भाषण, टैगौर की जीवनी का रहेगा विषय

*21 विद्यालयों के छात्रों में कड़े मुकाबले में मनीष ने जगह बनाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

रविंद्र नाथ टैगोर के जन्मोत्सव पर सेंट्रल हॉल ऑफ पार्लियामेंट नई दिल्ली में नौ मई को कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें उनके जीवन को लेकर भाषण देने में दौंगड़ा अहीर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 10वीं कक्षा के छात्र मनीष का चयन हुआ है। इससे स्कूल प्रशासन, परिजन व ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। मंगलवार को स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले छात्र मनीष को सम्मानित किया गया।

इस दौरान गांव दौंगड़ा अहीर की सरपंच सुनीता देवी ने छात्र मनीष को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। स्कूल के प्राचार्य अमर सिंह निमहोरिया ने इस संबंध में बताया कि पूरे देशभर के 21 प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों में कड़े मुकाबले में मनीष ने अपनी जगह बनाई। प्राचार्य ने बताया कि पार्लियामेंटरी रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी लोकसभा सचिवालय के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की गरिमामयी उपस्थित में मनीष को मंच सांझा करने व संबंधित करने का गौरव हासिल होगा। प्राचार्य ने कहा कि मनीष ने राष्ट्रीय स्तर पर अपने माता-पिता, गुरू जनों, गांव, जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है।




नारनौल। चयनित छात्र मनीष।

#### सरपंच सहित उपस्थति अतिथियों ने दी बधाई

इस शानदार उपलब्धि पर सरपंच सुनीता यादव, जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुनील यादव, खंड शिक्षा अधिकारी डॉ विश्वेश्वर कौशिक, खंड मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलबाग सिंह, मनीष की एस्कोर्ट टीचर मधु मरोड़िया, मनीष के पिता रमेश कुमार, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी विरेन्द्र सिंह यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता मामन प्रधान, एसएमसी के प्रधान रामानंद यादव, पंचायत समिति चैयरमेन प्रतिनिधि राजकुमार यादव, हरपाल सिंह थानेदार, आर्य समाज प्रधान रघुबीर सिंह, महाशय भरत सिंह, धर्मेंद्र यादव, पूर्व कप्तान महादेव प्रसाद, सतबीर पंच, राजकुमार पंच, सुबेदार दलिप सिंह, प्रवक्ता देवव्रत, पवन जांगड़ा, नीरज शर्मा, सुरेन्द्र यादव, अजय यादव,अशोक कुमार जांगिड, राजकौर यादव, रेणु यादव, मीना कुमारी, महिपाल गौरा, मंजू कुमारी, कैलाश यादव, बाबू रूपेश, डीपीई करण सिंह यादव, कला अध्यापक रामगोपाल, एबीआरसी कविता चिनानिया, मनोज कुमारी, विकास, लक्ष्मी देवी व धनसराज ने प्रतिभागी को बधाई दी। सरपंच सुनीता यादव ने कहा कि मनीष की राष्ट्रीय स्तर पर इस शानदार उपलब्धि ने दौंगड़ा अहीर गांव को फिर से गौरवान्वित किया है इसके लिए विद्यालय के प्राचार्य व समस्त स्टाफ बधाई के पात्र हैं। वह उम्मीद करती है कि स्कूल के विद्यार्थी भविष्य में इसी प्रकार हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करेंगे।



नारनौल। वेलकम पार्टी में भाग लेते बच्चे। फोटो: हरिभूमि

## एचपीएस में नए विद्यार्थियों के लिए वेलकम पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल के किड्स ब्लॉक में मंगलवार को नए विद्यार्थियों के लिए वेलकम पार्टी का आयोजन किया गया।

जिसमें कक्षा नर्सरी से दूसरी के विद्यार्थियों ने खूब मस्ती करते हुए एक दूसरे के साथ लुत्फ उठाया। विद्यालय में इस वर्ष आए नए विद्यार्थियों के लिए पार्टी में आईसक्रीम पार्टी रखी गई। जिसमें एचपीशियन्स ने मन भरकर विभिन्न प्रकार की आईसक्रीम का आनंद लिया। विद्यालय डीन मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव ने बच्चों को बताया कि शिक्षा ही जीवन का आधार है, बिना शिक्षा के मनुष्य पशु के समान होता है। विद्यालय निदेशक पुष्करमल वर्मा ने कहा कि एचपीएस में शिक्षा के साथ साथ बच्चों के मानसिक, शारीरिक व सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाता है। विद्यालय एमडी डा. हितेश वर्मा व निधि वर्मा ने बच्चों से मुलाकात कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कार्यशाला में आरटीआई का महत्व बताया

*हकेंवि में आरटीआई पर केंद्रित राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आरटीआई अधिनियम प्रभावी क्रियान्वयन पर केंद्रित इस कार्यशाला में दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय में सहआचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला का शुभारंभ विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के द्वारा किया गया। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस आयोजन को पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था के लिए महत्त्वपूर्ण बताया और कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से विश्वविद्यालय के सहभागी लाभांवित होंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आयोजकों की सराहना की। कुलपति ने इस मौके पर प्रतिभागियों को कहा कि यदि कार्यव्यवस्था में पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाता है तो इसके सफलतम क्रियान्वयन सहज होगा। कुलपति ने सभी प्रतिभागियों को आरटीआई से घबराने की बजाय नियमानुसार कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान पीठ के अधिष्ठाता प्रो. पायल कंवर चंदेल, प्रो. बीरपाल सिंह यादव, प्रो. हरीश कुमार सहित भारी संख्या में शैक्षणिक व शिक्षणेतर विभागों से जुड़े प्रतिभागी उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। आरटीआई कार्यशाला में प्रतिभागियों को संबोधित करते विशेषज्ञ वक्ता डॉ. दिग्विजय सिंह। फोटो: हरिभूमि

### गनियार के विनय यादव बने असिस्टेंट प्रोफेसर

**मंडी अटेली।** विनय यादव पुत्र दिलावर सिंह का चयन राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा के बल पर बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर चयन हुआ है। उन्होंने इस परीक्षा में 56वीं रैंक हासिल की है। विनय ने यह सफलता बिना किसी कोचिंग के केवल घर पर रहकर आत्म-अध्ययन के बल पर प्राप्त की। बता दें कि वर्ष 2019 से अब तक वे चार बार नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं। फिलहाल वे राजस्थान में स्कूल व्याख्यता भर्ती परीक्षा 2023 में सफलता अर्जित कर वर्तमान में वे अजमेर जिले में कार्यरत हैं। अब विनय यादव के असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयनित होने पर ग्रामीणों और परिवारजनों ने खुशी जाहिर की।



### रामबिलास शर्मा ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से की मुलाकात

**महेंद्रगढ़।** पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा और उनके छोटे भाई राजेंद्र शर्मा उर्फ राजू ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री का आभार जताया। केंद्रीय मंत्री ने उन्हें कोआपरेटिव सोसायटी बैंक के प्रधान बनने पर बधाई दी। शर्मा ने कहा कि वे केंद्रीय मंत्री के निर्देशो का पालन करेंगे और बैंक के विकास के लिए काम करेंगे। प्रो. रामबिलास शर्मा और राजेंद्र शर्मा उर्फ राजू की केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के साथ मुलाकात के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने बैंक के विकास और लोगों की सेवा के बारे में चर्चा की और केंद्रीय मंत्री से मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि वे केंद्रीय मंत्री के आभारी हैं और उनके आशीर्वाद से ही वे कोआपरेटिव सोसायटी बैंक के प्रधान बन पाए हैं। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में बैंक के विकास के लिए कई योजनाएं बनाएंगे और लोगों की सेवा करेंगे।



### बाइपास के होटल से शव बरामद शिनाख्त कराने में जुटी पुलिस

**नांगल चौधरी।** राव तुलाराम चौक के पास बाईपास पर स्थित एक होटल से पुलिस ने शव बरामद किया है। जांच प्रक्रिया के लिए होटल संचालक समेत दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है। जिनसे पूछताछ करके वारदात को ट्रेस करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक मंगलवार की सुबह पुलिस को होटल में एक मृत व्यक्ति पड़ा होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे थाना इंचार्ज छत्रपाल चौधरी व डीएसपी हैड क्वाटर ने घटना का निरीक्षण किया तथा होटल संचालक से घटना के संदर्भ पूछताछ की। मामला संदिग्ध होने पर पुलिस ने होटल संचालक व एक अन्य को हिरासत में लिया है। मृतक की शिनाख्त नहीं होने के कारण शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है। थाना इंचार्ज छत्रपाल चौधरी ने बताया कि होटल से शव बरामद हुआ है, लेकिन मृतक कहां का है और मौत का कारण क्या रहा है, इसकी जांच के लिए होटल संचालक से पूछताछ कर रहे हैं।

## नांगल चौधरी बस स्टैंड के सामने अवैध कॉलोनी पर चली जेसीबी

- 35 डीपीसी, 6 चारदीवारी व 2 अवैध निर्माण सहित रोड नेटवर्क को उखाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला नगर योजनाकार टीम ने मंगलवार को नांगल चौधरी में (नए बस अड्डे के सामने) लगभग पांच एकड़ भूमि में अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इस कार्रवाई में लगभग 35 डीपीसी, छह चारदीवारी व दो अवैध निर्माण के साथ- साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़ दिए गए। यह पूरी तोड़फोड़ कार्रवाई जिला नगर योजनाकार गुंजन वर्मा की अगुवाई में रवि कुमार, जितेन्द्र कुमार, योगेन्द्र कुमार, विकास, नरेश कुमार के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में जिला प्रशासन की मदद से अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार गुंजन वर्मा ने लोगों से कहा है कि नियन्त्रित क्षेत्र/शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें तथा महानिदेशक नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा चण्डीगढ़ से लाइसेंस अनुमति लेने उपरान्त ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें। इसीलिए आमजन से बार-बार यही अपील की जाती है कि किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई प्लाट प्रॉपर्टी डीलर्स के बहकावे में आकर न खरीदें और न ही अवैध निर्माण करें। इसके अतिरिक्त कोई भी प्लाट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता बारे व निर्माण करने से पूर्व नियमानुसार अनुमति लेने बारे जिला नगर योजनाकार कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में पता किया जा सकता है। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि जिले में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।



नारनौल। अवैध निर्माण तोड़ती जेसीबी मशीन।

## दक्षिण रेंज आईजी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

दक्षिण रेंज के महानिरीक्षक अशोक कुमार ने दौरा किया। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ व पुलिस उपाधीक्षक हरदीप सिंह ने उनका स्वागत किया। इसके पश्चात आईजी अशोक कुमार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की शाखाओं में रखे गए रिकॉर्ड की जांच की और उनके रखरखाव का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित शाखा प्रभारियों से उनके कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। आईजी के इस दौरे का उद्देश्य पुलिस कार्यालय के कामकाज व व्यवस्था का जायजा लेना था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय के वार्षिक निरीक्षण को पहुंचे पुलिस महानिरीक्षक अशोक कुमार का पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ, उपपुलिस अधीक्षक हरदीप सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान आईजी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शाखा प्रमुख और कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को भी जाना। एसपी ऑफिस में मुख्य लिपिक, शिकायत लिपिक, डीसीआरबी व अन्य शाखाओं में जाकर आईजी ने कामकाज की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान आईजी रिकॉर्ड के रखरखाव, साफ सफाई व कामकाज से पूरी तरह संतुष्ट नजर आए। इस दौरान आईजी ने एसपी कक्ष में बैठकर दस्तावेजों व रिकॉर्ड का अवलोकन किया और निर्देश भी दिए। पुलिस लाइन में उन्होंने एडम ब्लॉक, सीएचसी स्टोर, टीएचसी स्टोर, एमटी शाखा और लाइन की साफ सफाई का निरीक्षण किया।



नारनौल। निरीक्षण करने आए आईजी अशोक कुमार। फोटो:

## जिला बार एसोसिएशन की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

# स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता किया

- कार्यक्रम का आयोजन न्यायिक परिसर के नए लिटिगेंट हॉल में किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला बार एसोसिएशन की ओर से अधिवक्ताओं, न्यायिक अधिकारियों, न्यायिक कर्मचारियों, अधिवक्ता स्टाफ, वादकारी, पुलिस स्टाफ व आम जनता के लिए मंगलवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर न्यायिक परिसर के नए लिटिगेंट हॉल में आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा ने रिबन काटकर किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विक्रम जीत सिंह, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोख सिंह यादव एडवोकेट, डा. होशियार शर्मा हड्डी रोग विशेषज्ञ की उपस्थिति विशेष रही।

शिविर में स्वास्थ्य जांच के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने ब्लड प्रेशर, शुगर, नेत्र परीक्षण, हड्डी रोग, सामान्य स्वास्थ्य जांच सेवाएं प्रदान की। अध्यक्ष संतोख सिंह यादव ने कहा कि यह स्वास्थ्य जांच शिविर समाज के हर वर्ग के लिए उपयोगी रहा और भविष्य में भी बार एसोसिएशन इस प्रकार के सामाजिक हित के कार्यों को लगातार करता रहेगा। उन्होंने बताया कि अधिवक्ताओं, न्यायिक स्टाफ के अलावा बड़ी संख्या में आम जनता व पुलिस स्टाफ ने भी इस शिविर का लाभ उठाया। डा. होशियार शर्मा ऑर्थोपेडिक, डा. कुशमलता पैथोलॉजी, प्रीति कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर आयुष, अमित कुमार नर्सिंग ऑफिसर, संदीप कुमार नर्सिंग ऑफिसर, मंजीत फार्मासिस्ट, करमबीर अटेंडेंट, नवीन कुमार अटेंडेंट ने निःस्वार्थ भाव से सेवाएं दी।

संतोख सिंह यादव एडवोकेट ने कहा कि शिविर में न्यायिक स्टाफ, अधिवक्ता, अधिवक्ता स्टाफ, वादकारी, पुलिस स्टाफ और आम जनता सभी ने लाभ उठाया। बार एसोसिएशन का उद्देश्य समाज के हर वर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखना है और भविष्य में भी इस तरह के आयोजन करते रहेंगे। उपाध्यक्ष विकास सांगवान, सचिव प्रदीप यादव, सह सचिव चंद्र देव, कोषाध्यक्ष सुगन सिंह, ऑडिटर कार्तिक यादव, लाइब्रेरियन परमिंद्र यादव रघुनाथपुरा ने कहा कि शिविर ने सभी के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ाया है। यह पहल अधिवक्ता समाज और जनता के बीच मजबूत संबंध स्थापित करती है। भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे।



नारनौल। स्वास्थ्य कैम्प का शुभारंभ करते न्यायाधीश नरेन्द्र सूरा। फोटो:

#### यह रहे मौजूद

इस मौके पर अधिवक्ता ओमप्रकाश यादव, अधिवक्ता करन सिंह यादव, अधिवक्ता जसवीर ढिल्लो, अधिवक्ता राकेश मेहता, अधिवक्ता विजयपाल सिंह, अधिवक्ता रामफल यादव आदि मौजूद थे।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गांव बवानिया, खण्ड कनीना, जिला महेन्द्रगढ़ में पांच जोहड़ों को मछली पालन हेतु पट्टा करवाने हेतु खुली बोली (नीलामी) दिनांक 12.05.2025 को प्रातः 10 बजे गांव बवानिया के शिव मन्दिर के पास छोड़ी जाएगी। इच्छुक व्यक्ति समय पर पहुंच कर हिस्सा ले सकते हैं। बोलीदाता को दस हजार रुपये सिक्योरिटी जमा करवानी होगी और बाकी शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

हस्ता/- पूजा यादव, सरपंच
ग्राम पंचायत बवानिया,
खण्ड कनीना (जिला महेन्द्रगढ़)

# नारनौल को मिली ब्लड कम्पोनेंट सेपरेशन मशीन, थेलेसीमिया, कैंसर के मरीजों को होगा फायदा

**खास बातें**

- करीब एक करोड़ की राशि से स्थापित होगी यह मशीन, अन्य जिलों में भी इस सुविधा का विस्तार करने की योजना



स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव



**नारनौल।** नागरिक अस्पताल में आई कम्पोनेंट सेपरेशन मशीन। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नारनौल के लिए राहत भरी खबर है। नागरिक अस्पताल को ब्लड कम्पोनेंट सेपरेशन मशीन मिल गई है। यह मशीन एक यूनिट रक्त से विभिन्न ब्लड कम्पोनेंट्स जैसे प्लाज्मा, प्लेटलेट्स और रेड ब्लड सेल्स यानी आरबीसी को अलग करने की क्षमता रखती है। इसका सीधा लाभ थेलेसीमिया, कैंसर, डेंगू जैसे रोगों से ग्रसित मरीजों को मिलेगा। अब ऐसे मरीज और उनके परिजनों को इन कम्पोनेंट्स के लिए दूरदराज के मेडिकल संस्थानों की ओर भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी। उम्मीद है कि यह जल्द शुरू हो जाएगी। अब तक इन ब्लड कम्पोनेंट्स के लिए मरीजों और उनके परिजनों को अन्य बड़े शहरों या मेडिकल संस्थानों की ओर रुख करना पड़ता था, लेकिन अब यह सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगी।

### दक्षिण हरियाणा के लिए बड़ी सौगात : आरती राव

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि दक्षिण हरियाणा के नागरिकों के लिए यह सुविधा एक बड़ी सौगात है। सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक को उनके निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर ही आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो। उन्होंने यह भी बताया कि इस तकनीक के आने से न केवल इलाज का स्तर सुधरेगा बल्कि समय, संसाधनों और खर्च में भी उल्लेखनीय कमी आएगी। उन्होंने कहा की सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे तकनीकी नवाचार और निवेशों का उद्देश्य प्रदेश के नागरिकों को बेहतर जीवन और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। ब्लड कम्पोनेंट सेपरेशन मशीन की शुरुआत इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। यह पहल जन स्वास्थ्य प्रणाली को और अधिक प्रभावशाली और सशक्त बनाएगी। मंत्री ने कहा की स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मशीन के संचालन के लिए आवश्यक विशेषज्ञ स्टाफ और प्रशिक्षण भी समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाए, जिससे इसका अधिकतम लाभ मरीजों को मिल सके। आने वाले समय में अन्य जिला अस्पतालों में भी इस सुविधा का विस्तार करने की योजना है। उन्होंने दोहराया की नारनौल सिविल अस्पताल में यह नई सुविधा प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो स्वस्थ हरियाणा, समृद्ध हरियाणा के लक्ष्य को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगी।

### एक करोड़ की लागत से स्थापित होगी मशीन

यह मशीन लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से स्थापित की गई है और इसमें रक्त से जुड़े विभिन्न अत्याधुनिक मात्रक लगे हुए हैं। इसके माध्यम से ब्लड सेंटर में पैक्ड रेड ब्लड सेल्स (पीआरबीसी), रैंडम डोनर प्लेटलेट्स (आरडीपी), फ्रेश फ्रोजन प्लाजमा (एफएफपी) जैसे जीवनरक्षक रक्त घटकों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। ये घटक कई जटिल व गंभीर बीमारियों के उपचार में अनिवार्य भूमिका निभाते हैं। यह सुविधा न केवल उपचार की गुणवत्ता को एक नई ऊंचाई प्रदान करेगी, बल्कि समय पर जीवनरक्षक सहायता उपलब्ध कराने में भी सहायक सिद्ध होगी। रक्त से अलग किए गए कम्पोनेंट्स को जरूरत के अनुसार उपयोग में लाकर चिकित्सक मरीज की स्थिति के अनुसार बेहतर निर्णय ले सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### वार्ड तीन में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**कनीना।** शहर के वार्ड तीन में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। इस बारे में अधिवक्ता नवदीप यादव ने सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वार्ड तीन का निवासी है। उन्होंने अपनी बाइक सायं करीब चार बजे घर के बाहर खड़ी की थी। पांच बजे आकर देखा तो बाइक वहां से गायब मिली।

### बामनवास नूं में जागरण और भंडारा का कल

**नारनौल।** निजामपुर खंड के गांव बामनवास नूं की ढाणी श्यामजी के श्याम मंदिर में 8 मई गुरुवार को 22वें विशाल जागरण व भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य कलाकार अलवर से विनोद मेहता, रोहताश दायमा, निशा जागंड़ा, मनीषा मरदानी के साथ योगेश डागर भी अपनी कला की प्रस्तुति देंगे। इससे पहले मंदिर में 7 मई प्रातः 7:15 बजे रामचरितमानस रामायण का अखंड पाठ किया जाएगा। वहीं दूरदराज से आए भक्तगण मेले का लुत्फ उठाएंगे।

### राजकुमार खातोद बने जेजेपी के जिला अध्यक्ष



**महेंद्रगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने युवा नेता राजकुमार खातोद को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। राजकुमार खातोद ने अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला, पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसे निष्ठापूर्वक निभाएंगे। राजकुमार खातोद का परिवार कई दशकों से चौधरी देवीलाल परिवार के साथ जुड़ा हुआ है। 1996 में राजकुमार के पिता राव छैलू राम ने जनता पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ा। वे इनेलो के जिला अध्यक्ष सहित अनेक पदों पर रहे।

### संतोष मेमोरियल केंद्र ने रेडक्रॉस को एसी दिया

**नारनौल।** सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए हुडा के सेक्टर एक स्थित संतोष मेमोरियल दिव्यांगजन एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी को एक एयर कंडीशनर (एसी) दानस्वरूप भेंट किया गया है। यह एसी केंद्र के चेयरमैन मुकेश गुप्ता एवं कुसुम गुप्ता के नेतृत्व में संस्था के प्राचार्य डॉ. आरएन यादव द्वारा भेंट किया गया। इस मौके पर रेडक्रॉस के सचिव बलवान भी मौजूद रहे। इस अवसर पर रेडक्रॉस समिति ने मेमोरियल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस सहयोग को जनसेवा की दिशा में एक प्रेरणादायक एवं प्रशंसनीय पहल बताया।

### गुर्जर भवन को वॉटर कूलर भेंट किया

**नारनौल।** गर्मी सीजन को देखते हुए गुर्जर कल्याण परिषद के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता कुलदीप सिंह भरगड़ एडवोकेट ने गुर्जर भवन नांगल चौधरी में एक वॉटर कूलर वोल्टास कंपनी का भेंट किया है, जिसकी क्षमता 80 लीटर है। गुर्जर भवन नांगल चौधरी के निर्माण के शुरुआती दौर से ही कुलदीप भरगड़ का सहयोग रहा हैं। पूर्व में भी जब गुर्जर भवन बाबत वीर गुर्जर विकास समिति रजिस्टर्ड हुई, तबसे संस्था की आजीवन सदस्यता 11,000 रुपये की राशि संस्था को भेंटकर ग्रहण की हुई हैं और संस्था के लीगल एडवाइजर भी पूर्व में लंबे समय रह चुके हैं।

## 12 मई को पंचकूला में प्रदर्शन, 20 को हड़ताल

# कर्मियों ने हड़ताल को लेकर डीईओ को सौंपा नोटिस

**कर्मचारियों ने बताया कि अध्यापक का कार्य विद्यार्थियों को पढ़ाने का होता है, लेकिन उन्हें गैर शैक्षणिक कार्यों में उलझाए रखा जाता है**



**नारनौल।** डीईओ संतोष कुमार चौहान को नोटिस सौंपते तालमेल कमेटी के पदाधिकारी व कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा शिक्षा विभाग कर्मचारी तालमेल कमेटी के आह्वान पर मंगलवार को जिला कमेटी के पदाधिकारियों ने 12 मई को निदेशक सेकेंडरी एजुकेशन पंचकूला पर होने वाले प्रदर्शन व 20 मई को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल का नोटिस निदेशक सेकेंडरी एजुकेशन पंचकूला के नाम डीईओ संतोष कुमार चौहान को सौंपा। हेमसा के राज्य सचिव अनिल कुमार यादव ने बताया कि नोटिस सौंपने से पहले तालमेल कमेटी की बैठक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय प्रांगण में हुई। हरियाणा शिक्षा विभाग तालमेल कमेटी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व हेमसा के प्रदेश प्रेस प्रवक्ता सुजान मालड़ा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में सरकार प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की बजाय उसको कमजोर करने वाली अनेक स्कीमें लागू कर रही है। जिसके दुरगामी परिणामों को समझने से मालूम होता है कि ये सरकारी महकमे कुछ वर्षों के ही रह गए है।

उन्होंने कहा कि अध्यापक का कार्य विद्यार्थियों को पढ़ाने का होता है, लेकिन उन्हें सुबह से शाम तक गैर शैक्षणिक कार्यों में उलझाए रखा जाता है। जिससे उनके अध्यापन का कार्य बहुत प्रभावित होता है। एक तरफ सरकार राजकीय स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ाने का अभियान चला रही है। वहीं दूसरी तरफ सरकार ने चिराग योजना के तहत विद्यार्थियों को निजी स्कूलों में दाखिला लेने पर उसकी फीस स्वयं भरने की योजना चलाई हुई है। जिसके चलते चतुर्थ श्रेणी से लेकर प्राध्यापकों तक के कर्मचारियों के रोजगार पर संकट मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग व रोजगार बचेंगे तो ही कर्मचारियों की अन्य मांगों का औचित्य रहेगा। इसलिए शिक्षा विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणीए लिपिक व अध्यापक एक मंच पर आकर सरकारी महकमों को बचाने के लिए सामूहिक संघर्ष करें, क्योंकि मांगों के समाधान का संघर्ष ही एक मात्र रास्ता है। इसलिए 12 मई को निदेशक सेकेंडरी एजुकेशन पंचकूला सेक्टर पांच में होने वाले प्रदर्शन तथा सभी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़ चढ़कर भाग लें। बैठक में चरखी दादरी जिले से सकसं के पूर्व जिला प्रधान राजकुमार घिकाड़ा, हेमसा के जिला सचिव यशपाल सांगवान, एमपीएचई एसोसिएशन के उपप्रधान सन्नी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर उप अधीक्षक सुदेश शर्मा, मुकेश जांगड़ा, सहायक मनोज सोलंकी, राजेश मौजूद रहे।

### ये हैं मांगें

पुरानी पेंशन एवं पुरानी एक्स ग्रेसिया नीति बहाल करने, ठेका प्रथा बंद करने, निजीकरण पर रोक लगाने, 25 अगस्त 2014 के मंत्रीमंडल के फैसले को लागू करवाने, बिजली बिल, शिक्षा नीति 2020 व पीएफआरडीए बिल रद्द करने, सार्वजनिक शिक्षा का विस्तार, स्कूल मर्ज पर रोक, सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का, रिक्त पदों पर स्थाई भर्ती, चिराग योजना वापस, रोस्टर प्रणाली लागू कर वरिष्ठता सूची अपडेट, सभी वर्गों की पदोन्नतियां, प्राथमिक, मिडल, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में प्रत्येक कक्षा तथा विषयों के अध्यापक और गैर शिक्षक कर्मचारी दिए जाए, आवेदन आधारित विकेंद्रीकरण तबादला नीति व तत्काल स्थानांतरण शक्तियों का विकेंद्रीकरण, सभी विद्यालयों में ढांचागत सुविधाएं, गैर शैक्षणिक कार्यों पर रोक, सभी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में सहायक, बीईओ कार्यालयों में आंकड़ा सहायक व उप अधीक्षक, डीईओ कार्यालयों में स्थापना अधिकारी का पद स्वीकृत करने सहित अनेक मांगें शामिल है।

# बीआर विद्यालय में अंग्रेजी क्विज प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

- कार्यक्रम का समापन विजेता टीमों को प्रमाण पत्र प्रदान कर किया




**महेंद्रगढ़।** प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

सुरजनवास स्थित बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के बीच अंग्रेजी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का सफल नेतृत्व विद्यालय की अंग्रेजी अध्यापिका उर्मिला यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मिडिल हेड सुजान सिंह, आब्जर्वर उमेश यादव, उपप्राचार्य कृष्ण यादव एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा के प्रति रुचि बढ़ाना और उनके भाषा कौशल का विकास करना था।

प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों से शब्दार्थ, पर्यायवाची, ग्रामर, स्पेलिंग, अनुवाद, संक्षेप में उत्तर देना तथा छोटे संवादों का सही प्रयोग जैसे कई रोचक और ज्ञानवर्धक प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता को चार चरणों में विभाजित किया गया, शब्द पहचान, व्याकरण राउंड, संवाद राउंड और रैपिड फायर राउंड। बच्चों ने टीमों में भाग लिया और सभी चरणों में बड़े उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंग्रेजी अध्यापिका ज्योति ने भी विशेष योगदान दिया।

# भाखड़ा डैम को पंजाब पुलिस से मुक्त करवा सेना के जवानों को सौंपा जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बहुजन समाज पार्टी के नेता अतरलाल एडवोकेट ने पंजाब पुलिस की ओर से भाखड़ा डैम पर कब्जा किए जाने को असवैंधानिक, गैर वाजिब व अधिनायकवादी कदम बताते हुए केन्द्र सरकार से तत्काल डैम को तत्काल पंजाब पुलिस के कब्जे से मुक्त करवाकर केन्द्रीय सुरक्षा बलों को डैम पर तैनात करने की मांग की है। अतरलाल ने मोहनपुर, सुन्दरह, झिंगावन गांवों में लोगों से बात करते हुए कहा कि पंजाब सरकार की तानाशाही के कारण हरियाणा में जलसंकट खड़ा हो गया है।

उन्होंने कहा कि 200 से ज्यादा जल घर सूख गए हैं। पीने का पानी के लिए टैंकरों से काम चलाया जा रहा है। इसलिए केन्द्र सरकार को तत्काल हस्तक्षेप करके हरियाणा को पानी दिलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में बहुजन समाज पार्टी ने मुख्यमंत्री व राज्य सरकार के स्टैंड का पूरा समर्थन किया है। उन्होंने राज्य सरकार से हरियाणा के हिस्से का पानी लेने के लिए कड़े कारगर कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने बीबीएमबी में बड़े पदों पर हरियाणा के अधिकारी नियुक्त करने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि जब बोर्ड में हरियाणा का पक्ष रखने वाले अधिकारी ही नहीं होंगे, तो हरियाणा को न्यायोचित हिस्सा कैसे मिलेगा।



**नारनौल।** ग्रामीणों से बातचीत करते बसपा नेता अतरलाल।

# नेशनल मॉडल स्कूल में चलाया जल संरक्षण अभियान

- पानी संपूर्ण प्राणी जगत को प्रकृति का दिया अमूल्य उपहार : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नेशनल मॉडल स्कूल में जल संरक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान बच्चों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने बताया कि पानी संपूर्ण प्राणी जगत को प्रकृति का दिया हुआ अमूल्य उपहार है। हमें जल का संरक्षण करना चाहिए, क्योंकि जल ही जीवन है। वैसे तो इस धरती पर तीन भाग में जल है, लेकिन पीने के पानी की पूरे विश्व में कमी है। जल की बचत ही जल का उत्पादन है ,क्योंकि जल किसी कारखाने में उत्पन्न नहीं किया जा सकता। हम पानी का उचित प्रबंधन करके बहुत सा जल बचा सकते हैं।

एक सामान्य उदाहरण से समझे तो पता चलता है कि जैसे एक परिवार प्रतिदिन एक लीटर पानी बचाने लगे और इस प्रकार से ही यदि एक करोड़ परिवार रोज एक-एक लीटर पानी बचाने लग जाएं तो वर्षभर में हम कितना पानी बचा लेंगे, आवश्यकता है इस अभियान को एक मिशन बनाने की। जिस प्रकार नेशनल विद्यालय परिवार पहले से ही सेव वर्ड विद वॉटर अभियान, भोजन इतना लो थाली में, एक कण भी व्यर्थ न जाए नाली में, अभियान, मेरा घर, हरित घर, मेरा परिसर, हरित परिसर अभियान समाज में पहले से ही चला रहा है व विद्यालय परिवार का प्रत्येक अध्यापक व बच्चा इन अभियानों को अपने जीवन में उतर रहा हैं। इसी प्रकार हमें जल संरक्षण अभियान के साथ जुड़ना है व समाज को जोड़ना है।

विद्यालय अध्यक्ष प्रमोद शास्त्री ने विद्यालय के विद्यार्थियों व सभी कर्मचारियों को जल संरक्षण की शपथ दिलवाई।



**महेंद्रगढ़।** जल संरक्षण की शपथ लेते विद्यार्थी।




**महेंद्रगढ़।** चालक व परिचालक का स्वागत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### महेंद्रगढ़ से वाया बवानिया रूट पर चलाई बस

**महेंद्रगढ़।** रेवाड़ी डिपो ने मंगलवार से महेंद्रगढ़ के ग्रामीण रूटों से होते हुए रोडवेज बस सेवा शुरू की है। रेवाड़ी से 10-55 चलकर बवानिया-कुंड ग्रामीण रूटों से होते हुए महेंद्रगढ़ एक बजे पहुंचेगी तथा बस का रात्रि ठहराव महेंद्रगढ़ में ही रहेगा। इसके बाद सुबह रेवाड़ी के लिए रवाना होगी। बस स्टैंड पर पहुंचने पर विभिन्न ग्राम पंचायतों व सामाजिक संगठनों ने बस चालक धर्मबीर व परिचालक सुरेंद्र का फूल मालाओं से स्वागत किया। बस के चलने से चार विधानसभा क्षेत्र महेंद्रगढ़, अटेली, कोसली व बावल के ग्रामीणों को बस का लाभ मिलेगा। बस को चलवाने के लिए सामाजिक संगठन के लोग करीब पांच महीने से संघर्ष कर रहें थे, क्योंकि रेवाड़ी से साढ़े नौ बजे के बाद इस रूट पर कोई बस सेवा नहीं थी।

बवानियां-कुंड-रेवाड़ी रूट पर सुबह के समय इस बस सेवा के शुरू होने पर गांव कुंड, भैरू का बांस, मोहनपुर, नांगल, ऊंचा, नीचा, गोमला, सुंदरह, भोजावास, बवानिया, डुलाना गांव के ग्रामीणों को फायदा मिलेंगा। यह बस महेंद्रगढ़ शहर के मसानी चौक से प्रतिदिन एक बजकर बीस मिनट पर चलकर निर्धारित ग्रामीण रूटों से होते हुए रेवाड़ी जाएगी। बस सेवा शुरू होने से ग्राम पंचायतों व सामाजिक संगठनों ने महेंद्रगढ़, अटेली, रेवाड़ी और कोसली के विधायक व रेवाड़ी डिपो के रोडवेज अधिकारियों का आभार जताया हैं। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा, मंडल अध्यक्ष संदीप, अड्डा इंचार्ज वेदप्रकाश मौजूद रहे।

# यदुवंशी कॉलेज के चार विद्यार्थी टॉप-10 में शामिल हुए



**महेंद्रगढ़।** सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

- संस्थान जिले की शिक्षा गुणवत्ता का भी प्रतीक बनकर उभरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हाल ही में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा बीकॉम प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी कॉलेज के चार विद्यार्थियों ने टॉप-10 में स्थान हासिल किया। यह परिणाम न केवल यदुवंशी संस्थान के लिए गर्व का विषय है, बल्कि जिले की शिक्षा गुणवत्ता का भी प्रतीक बनकर उभरा है। इस परीक्षा परिणाम में बीकॉम की प्रथम सेमेस्टर की छात्रा खुशबु पुत्री नरेश ने विश्वविद्यालय की टॉप-10 सूची में दूसरा स्थान, मोनिका पुत्री सुनील कुमार ने चौथा, मुस्कान पुत्री राजेश कुमार ने छठा, हिमांशु पुत्र मनीष कुमार ने आठवां स्थान हासिल करके न केवल अपना नाम रोशन किया, बल्कि अपने माता-पिता के साथ-साथ यदुवंशी कॉलेज का भी नाम रोशन किया। इस परीक्षा परिणाम ने यह दिखा दिया कि यदुवंशी कॉलेज के विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना और शैक्षणिक उत्कृष्टता की कोई कमी नहीं हैं। संस्था चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि इस परीक्षा परिणाम में हमारे छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की संयुक्त मेहनत का साकार रूप है। इस परीक्षा परिणाम के अवसर पर संस्था के वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव फाउंडर, डायरेक्टर राजेंद्र यादव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने कहा कि यह सफलता भविष्य की ओर भी ऊंचाइयों की और पहला कदम है। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरुभान, यदुवंशी कॉलेज के समस्त स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

# सीएल स्कूल में मॉडलिंग स्पर्धा में दिखाया हुनर




**नारनौल।** प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सीएल स्कूल में मिट्टी मॉडलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की रचनात्मकता, कलात्मक कौशल का विकासा करना है। इस बच्चों ने सजावटी और सौन्दर्यी संबंधी कलाकृति बनाने के लिए मिट्टी का उपयोग करके एक से बढ़कर एक मॉडलिंग बनाई। जिसमें ड्राइंग अध्यापिका के मार्गदर्शन का मुख्य योगदान रहा।

बेहतरीन कलाकृति बनाने वाले बच्चों को प्राचार्य रविन्द्र सिंह ने सम्मानित किया।

## इस साल पॉलिटेक्निक ने प्लेसमेंट से 182 युवाओं को दिलाया रोजगार

# तीन छात्रों को 3.74 लाख के पैकेज पर मिली नौकरी

- बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक ने बताई उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक न केवल अपने यहां बच्चों को स्किल डवलपमेंट के जरिए उन्हें स्किलफुल बना रहा है, बल्कि प्लेसमेंट के जरिए निजी क्षेत्र की कंपनियों में उन्हें रोजगार के अवसर भी प्रदान कर रही है। इस कार्य में संस्थान के प्रधानाचार्य इंजी अनिल यादव की भूमिका बड़ी सराहनीय है। उन्होंने जबसे प्रधानाचार्य का चार्ज संभाला है, तबसे से पॉलिटेक्निक करने का बीड़ा उठाया हुआ है। इस मकसद से पॉलिटेक्निक में आए दिन कोई न कोई गतिविधियां होती ही रहती हैं, जिनका सीधा फायदा यहां शिक्षण ग्रहण करने आने वाले छात्र-छात्राओं को हो रहा है। बीते सत्र 2024-25 में पॉलिटेक्निक में कैंपस प्लेसमेंट के जरिए लगभग 182 छात्रों को रोजगार मिला। प्रधानाचार्य इंजी. अनिल यादव ने बताया कि हमारा संस्थान लगातार छात्रों के उत्थान के लिए कार्यरत हैं। रोजगार प्राप्त करने वाले सभी छात्र उन सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत का काम करेंगे, जो अभी फाइनल ईयर में होने वाले हैं। उन्होंने बताया कि इस सत्र में संस्थान के तीन छात्रों का चयन 3.74 लाख के पैकेज पर नोएडा पावर कारपोरेशन में चयन हुआ है। एक विद्यार्थी का चयन टाटा जैसी कंपनी में भी हुआ है, जिसका पैकेज तीन लाख से ऊपर का है। इसके अलावा विद्यार्थियों का चयन टालब्रोस, स्टर्लिंग, ग्रीन पावर सॉल्यूशन, एटीएल बैटरी, यजाकी इंडिया, आइसन आटोमोटिव, एसकेएच मेटल, जेटकेट इंडिया, एसजीएस टेक्नोलॉजी, ग्रीन स्टर्लिंग इंडिया, कैन, हीट एक्सचेंजर, नोएडा पावर कॉरपोरेशन और नाची टेक्नोलॉजी जैसी नामचीन कंपनियों में विद्यार्थियों का चयन हुआ है। पिछले साल भी संस्थान के ज्यादातर विद्यार्थियों का चयन कैंपस प्लेसमेंट द्वारा हो गया था।



**नारनौल।** युवा को एपाइंटमेंट लेटर प्रदान करते प्राचार्य इंजी अनिल यादव।

### 19 कंपनियां आ चुकी हैं

संस्थान के ट्रेंनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर अनिल कुमार यादव ने बताया कि इस बार संस्थान में प्लेसमेंट के लिए 19 कंपनियां आ चुकी हैं और ज्यादातर विद्यार्थियों का चयन एक से अधिक कंपनियों में हो चुका है। इस बार भी यही प्रयास जारी रहेंगे।